# कार्यालय वनमंडलाधिकारी बुरहानपुर सामान्य वनमंडल बुरहानपुर म.प्र.

**क्रमांक/मा.चि./2017/** 2047 **बुरहानपुर दिनांक/** 18 AUG 2017

Tel. No - 07325-251280, Fax -252305 EMail - dfotbpur@mp.gov.in

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,
जल संसाधन संभाग,
बुरहानपुर

**विषय :— बुरहानपुर जिले के अंतर्गत भावसा मध्यम सिंचाई तालाबा निर्माण हेतु 275.04 हे. वनभूमि जल संसाधन संभाग बुरहानपुर को उपयोग पर देने बाबत।**

**संदर्भ :— आपका पत्र क्र./ दिनांक 14.08.2017**

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से आपके द्वारा भावसा मध्यम सिंचाई परियोजना में भाग 01 (जो की आवेदक विभाग द्वारा भरा जाना होता है) में ली गई आपत्तियों की पूर्ति कर ऑनलाईन प्रविष्टि उपरांत इस कार्यालय को प्रेषित किया गया।

आपके द्वारा प्रस्तुत भाग 01 का अवलोकन किया गया, जिसमें आपके द्वारा कलेक्टर जिला बुरहानपुर एवं कलेक्टर जिला कटनी द्वारा वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु हस्तांतरित राजस्व भूमि के आदेश ऑनलाईन प्रविष्ट में अपलोड़ नहीं किये जाने से समस्त ग्रामों में एक ही आदेश प्रदर्शित हो रहा है, जिसके कारण भाग 02 में इस कार्यालय द्वारा पूर्ति की जाना संभव नहीं हो रहा है। अतः प्रत्येक ग्राम की पृथक पृथक कलेक्टर हस्तांतरण आदेश अपलोड़ करना सुनिश्चित करें। साथ ही ग्राम केवलारी खसरा क्र. 130/01 रकबा 33.39 हे. की अनुमोदित वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना भी प्रस्तुत करें, जो आपके द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित नहीं की गई है।

अतः उक्तानुसार आपत्तियों की पूर्ति कर इस प्रकरण पुनः ऑनलाईन अपलोड कर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, ताकि भाग 02 की पूर्ति की जा सकें।

संलग्न :— उपरोक्तानुसार

वनसंरक्षक
बुरहानपुर वनमंडल सा. बुरहानपुर

पृष्ठा. क्र./मा.चि./2017/ बुरहानपुर दिनांक

प्रतिलिपि :—

1) कलेक्टर जिला बुरहानपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

वनसंरक्षक
बुरहानपुर वनमंडल सा. बुरहानपुर